झिलाय में इंदिरा गांधी ग्रामीण रसाई योजना का शुभारम्भ

महात्मा गांधी के 'गांवों' में अब कोई भूखा नहीं सोएगा: गहलोत

प्रदेश के 400 गांव में योजना शुरू, इस माह के अंत तक एक हजार गांव तक पहुंचेगा आंकड़ा

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, निवाई। निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र स्थित झिलाय कस्बा रविवार को प्रदेश स्तरीय लोक कल्याण योजना के उदघाट्न कीसाक्षी बना। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने झिलाय से इंदिरा रसोई ग्रामीण योजना की शुरुआत की। झिलाय के साथ प्रदेश के 400 ग्रामीण क्षेत्रों में यह योजना शुरू होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि 25 सितम्बर तक प्रदेश के 600 और ग्रामीण क्षेत्रों में इंदिरा रसोई की शुरुआत हो जाएगी। इंदिरा रसोई के जरिए सार्वजनिक, धार्मिक, व्यवसायिक स्थलों और कच्ची बस्तियों के आस-पास मजदूरों, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों को मात्र 8 रुपए में पौष्टिक भोजन मिल रहा है। राज्य सरकार 'कोई भूखा ना सोए' के संकल्प को चरितार्थ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कांग्रेस नेता पूर्व सांसद स्व. द्वारका प्रसाद बैरवा की जन्म स्थली झिलाय से प्रदेश में इस योजना की शुरआत कर गहलोत ने दलित वोटों को साधने का प्रयास किया द्वारका प्रसाद बैरवा के पुत्र प्रशांत बैरवा अभी इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

प्रियंका गांधी ने लाभार्थियों से किया संवाद

महिलाओं से खचाखच भरे पाण्डाल को देखकर उत्साहित प्रियंका गांधी ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से चर्चा कर उनके स्वयं सहायता समूहों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं की ओर से तैयार किए उत्पादों की सराहना की। इससे पहले अशोक गहलोत एवं प्रियंका गांधी ने इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना, महंगाई राहत शिविरों, इंदिरा रसोई के लाभार्थियों से संवाद किया। साथ ही, उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों को स्कूटी वितरण भी किया।

ईवनिंग वॉक पर निकली महिला का अपहरण

आठ किमी. दूर खण्डहर में ले जाकर किया रेप, दो आरोपी गिरफ्तार

निर्वस्त्र भागकर सड़क पर आई पीड़िता, राहगीरों ने दिया तन ढकने को कपड़ा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा/गंगापुर। **महिला के साथ हुए** गैंगरेप का पुलिस ने मात्र 12 घंटे में खुलासा कर दरिंदगी करने वाले दो आरोपियों छोटू लाल सरगरा व गिरधारी लाल गाडरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) विमल सिंह नेहरा ने रविवार को प्रेस वार्ता में इस वारदात का खुलासा किया। नेहरा ने बताया कि 9 सितंबर की रात 8.40 बजे गंगापुर थाने में सूचना मिली कि एक महिला आमली रोड़ स्थित झूमपुरा चौराहे के निकट निर्वस्त्र सडक पर खड़ी है।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को गंगापुर चिकित्सालय ले गई, जहां उसका मेडिकल करवाया गया। पीड़िता ने पुलिस को दिएबयान में बताया कि 9 सितंबर की शाम उसके मोबाइल पर आमली निवासी छोटु पुत्र गणेश सरगरा (42) का फोन आया। छोटू ने उससे कहा कि मैं चिड़खेडा निवासी गिरधारी पुत्र नगजीराम गाडरी का दोस्त बोल रहा हूं। आज आपसे मिलना है। इस पर महिला ने उससे कहा, मैं आपको नहीं जानती हूं। छोटु सरगरा ने उससे कहा कि मैं पहले आपसे गिरधारी के साथ मिल चुका हूं। गिरधारी गाडरी मेरा पूर्व का परिचित था। शाम को में खाना खाकर घर से निकली। शाम साढ़े सात बजे बावड़ी के बालाजी के पास पहुंची तब छोटु सरगरा व गिरधारी गाडरी एक बाइक लेकर आये व सुनसान जगह देख कर उसे जबरन बाइक पर बैठा लिया और आमली रोड पर ले गए। आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया था। झूंमपुरा के पास एक खण्डहर में ले जाकर छोटु सरगरा व गिरधारी गाडरी ने उसके साथ रेप करने के साथ माारपीट भी की। जबरन दुबारा रेप होने से भागकर वह खंडहर के सामने आमली रोड पर आ गई। तब राह चलने वालो ने उसे कपड़ा दिया।

दरिंदों ने रेप करने के बाद पी शराब

आरोपी गिरधारी व छोटू ने खंडहर मकान की छत पर ही दरिंदगी के बाद शराब पी, इस दौरान पीड़िता को जबरन रोके रखा। पीड़िता ने बयान में बताया कि उसने, आरोपियों के सामने हाथ जोड़े, गिडगिडाई, लेकिन उन्होंने उसे नहीं जाने दिया। पीड़िता ने उनसे पीने के लिए पानी मांगा तो उन्होंने ठंडा पिलाया। उसने बाद में ठंडे की बोतल को आरोपियों के उपर फैंक कर निर्वस्त्र हालत में ही नीचे दौड़ गई। इस दौरान दोनों ने उसका पीछा किया, लेकिन वह भाग कर रोड़ पर आ गई। उसे देखकर गाडियां रुकने के बाद दोनो बदमाश पीड़िता के कपड़े लेकर भाग गए। फिर राह चलते लोगो ने पीड़िता को कपड़ों से ढंका और पुलिस को सूचना दी।

आरएएस भर्ती-2021 साक्षात्कार का चौथा चरण आज से

कासं/अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 की मुख्य परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का चौथा चरण सोमवार से 27 सितम्बर तक किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। आयोग सचिव ने बताया कि चौथे चरण में 288 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को उनके सभी मूल प्रमाण-पत्र और उनकी फोटो कॉपी साथ लानी होगी। जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग में प्रस्तुत नहीं किए हैं, उन्हें विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में सभी प्रमाण-पत्रों की फोटो कॉपी के साथ आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

एनिकट में नहाने गए एक ही परिवार के दो बच्चे और बालिका डूबे

राजसमंद जिले के जूणदा खेड़ी गांव की घटना

नवज्योति/रेलमगरा। राजसमंद जिले के रेलमगरा उपखंड क्षेत्र में जूणदा खेड़ी गांव में खेत पर बकरियां चराने गए दो बालक व एक बालिका की एनिकट में डूबने से मौत हो गई। थाना अधिकारी ओम सिंह ने बताया कि रविवार की छुट्टी होने से जूणदा खेड़ी निवासी चौथी कक्षा का छात्र नारायण (9 वर्ष)पुत्र सुरेश रावत, दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली उसकी बहन पूजा (6) वर्ष, दूसरी कक्षा में पढ़ने वाला ममेरा भाई नरेंद्र (8) पुत्र अर्जुनसिंह रावत अपने नाना एवं दादा नानालाल के साथ बकरियां चराने के लिए खेत पर गए थे। दोपहर में तेज गर्मी होने से मासूम खेत से 500 मीटर दूर स्थित एनीकट में नहाने चले गए एवं नहाते समय गहरे पानी में जाने से तीनों डूब गए, जिससे तीनों ही मासूमों की मौत हो गई। घटना का पता चलने पर पास में काम कर रहे नरेगा श्रमिक मौके पर पहुंचे और बच्चों को एनिकट से बाहर निकाल कर रेलमगरा सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में एक ही परिवार के दो भाई और एक बहन की मृत्यु होने से परिवार एवं गांव में कोहराम मच गया। सुरेश रावत के एक लड़का और एक लड़की ही थे जिनकीमृत्यु हो गई, वहीं मृतक नरेंद्र के एक छोटी बहन है।

बीटीपी टूटी, दोनों विधायकों ने थामा बीएपी का हाथ

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर। गत विधानसभा चुनाव में डूंगरपुर जिले की सागवाड़ा और चौरासी क्षेत्र में बीटीपी का झंडा लेकर जीत का स्वाद चखने वाले दोनों विधायकों ने बीटीपी से नाता तोड़कर भारतीय आदिवासी परिवार (बीएपी) का दामन थाम लिया। नई पार्टी बीएपी के नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी राजस्थान के साथ मध्यप्रदेश और गुजरात में भी चुनाव लड़ेगी। सभा में चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने कहा कि देश की आजादी के इतने समय बाद भी आदिवासियों को उनके हक अधिकार नहीं मिले हैं। कांग्रेस, भाजपा और दूसरी पार्टियों ने हमेशा आदिवासियों का शोषण किया है। इसलिए हम गुजरात से बीटीपी लेकर आए, लेकिन आज जरूरत आदिवासियों की अपनी पार्टी बनाने की हुई। इस पर बीएपी का गठन किया गया। बीएपी इस साल राजस्थान और मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारेगी।

शिक्षक ने 5वी कक्षा के बालक को बेरहमी से पीटा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, पाटन। ग्राम पंचायत रायपुर-पाटन स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल के अध्यापक विकास कुमार ने कक्षा पांच में पढ़ने वाले 9 वर्षीय छात्र विवेक सैनी की बेरहमी से मारा, जिससे उसकी की तबीयत बिगड़ी गई। मामले में छात्र के पिता लालचंद सैनी रिपोर्ट पाटन थाने दर्ज करवाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

इस पर छात्र के पिता ने इंदिरा रसोई के शुभारंभ करने आए विधायक सुरेश मोदी को मामले से अवगत कराया। जिस पर विधायक ने तहसीलदार मुनेश सर्वा को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मामले में प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि शनिवार को मैं स्कूल नहीं आया था। विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं मैं जांच करवाता हूं। अगर बच्चे की पिटाई की है तो अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय, प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), शाहपुरा, भीलवाड़ा
प्रारम्भिक शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन, 2022-23

क्रमांक : डाइट/ दिनांक : 09.09.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-07

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा-8) एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा-5) 2022 के प्रमाण पत्र सह ग्रेड अंकतालिका रंगीन (मल्टीकलर) का मुद्रण कार्य करवाया जाना है। इसके लिए उक्त व्यवसाय में कार्यरत जी.एस.टी. में रजिस्टर्ड एवं सुप्रतिष्ठित / सुस्थापित फर्मों व व्यक्तियों से निविदाएं दिनांक 19.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा पत्र डी.डी./नकद राशि 200/- रुपये जमा कर कार्यालय समय में स्टोर प्रभारी, डाइट, शाहपुरा से प्राप्त किए जा सकते हैं।

विवरण	अनुमानित मात्रा	अनुमानित मूल्य	अमानत राशि	निविदा बिक्री की तिथि	निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि
प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा-8) एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा-5) 2022 के प्रमाण पत्र सह ग्रेड अंकतालिका रंगीन (मल्टीकलर) A4 100 GSM पेपर पर	100000	रुपए 900000	रुपए 18000	दिनांक 11.09.2023 से 18.09.2023 को सायं 5.00 बजे तक	19.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक	19.09.2023 को दोपहर 02.00 बजे

NIB : EED2324A0369 UBN : EED2324SSOB00451

निविदा से संबंधित प्रपत्र एवं शर्तें http://sppp.raj.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा कार्यालय, डाइट, शाहपुरा से भी दिनांक 11.09.2023 से 19.09.2023 तक कार्यालय समय में प्राप्त किए / देखे जा सकते हैं। निविदादाता फर्म का शाहपुरा जिले से बाहर का होना अनिवार्य है।

गोपाललाल सुथार
प्रधानाचार्य एवं सचिव
जिला स्त.प्रा.शिक्षा अधि.स्त.मू.
डाइट, शाहपुरा

DNA-5546

अभ्यर्थियों को मौका

कासं/अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के विज्ञान एवं पंजाबी विषय की काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को एक अवसर दिया है। इन अभ्यर्थियों को 11 सितम्बर सुबह 9.30 बजे काउंसलिंग में उपस्थित होना होगा। आरपीएससी ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के विज्ञान एवं पंजाबी विषय की विचारित सूची 4 अगस्त व 8 अगस्त को जारी की थी। विचारित सूची में शामिल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग आयोग में 25 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित की गई। इस दौरान अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को 11 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे आयोग में उपस्थित होना होगा।

आज और कल होंगे कनिष्ठ भू-जल वैज्ञानिक के साक्षात्कार

कासं/अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग में कनिष्ठ भू-जल वैज्ञानिक (भू-जल विभाग) भर्ती 2022 के 8 पदों के लिए साक्षात्कार 11 एवं 12 सितम्बर 2023 को आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

खड़े ट्रोले में घुसी बस एक यात्री की मौत

कोटपूतली। यहां कोटपूतली-नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर रविवार रात एक रोडवेज बस और ट्रोले के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आई। रोडवेज बस कोटपूतली से सीकर जा रही थी। यात्रियों ने बताया कि टोड़ी मोड़ के पास चालक सीट के पीछे मौजूद केबिन के शीशे को खोलने के लिए मुड़ा तभी बस की स्टेरिंग घूम और वह सीधे साइड में खड़े ट्रोले में जा घुसी।

प्राइवेट बस और ट्रेलर की भिड़ंत में चार सवारियों की मौत

अमरपुरा के पास हादसा : दो दर्जन यात्री घायल

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नागौर। यहां शहर से 4 किलोमीटर दूर लाडनूं सड़क मार्ग पर अमरपुरा के निकट रविवार सुबह एक प्राइवेट बस व ट्रेलर में आमने-सामने की भिड़ंत में बस में सवार 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब दो दर्जन यात्री घायल हो गए, इनमें से चार की हालत गंभीर होने परजोधपुर रेफर किया गया है, शेष का जेएलएन अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार एक प्राइवेट बस सुरपालिया थाना इलाके के गांव खेराट से नागौर की ओर जा रही थी, वहीं सामने से हरियाणा पासिंग ड्रम से भरा ट्रेलर नागौर से खेराट की तरफ जा रहा था तभी दोनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस टीमों के पहुंचने तक मौके पर लोगों ने घायल यात्रियों को बस से निकालना शुरू किया।

इसके बाद पुलिस टीमों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया व क्रेन की मदद से बस और ट्रेलर को सड़क से हटाया। पुलिस के अनुसार हादसे में खेराट निवासी मांगीलाल (50) पुत्र मदनलाल हरिजन, सहदेव (25) पुत्र गैनाराम लुहार व डेह निवासी हुसैन (41) पुत्र साबिर व रमजान (22) पुत्र उमरदीन की मौत हो गई। पुलिस ने निजी वाहनों से शव जेएलएन हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए गए। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपे गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

धौलपुर जिले में जमकर बरसे बदरा

भारी बरसात से धंसा रेलवे ट्रैक, डाइवर्ट किए कई ट्रेनों के रूट

इंटरसिटी और पैसेंजर ट्रेनें रद्द, आकाशीय बिजली के चपेट में आए दस मकान

न्यूज सर्विस/नवज्योति, धौलपुर। जिले में रविवार को हुई तेज बरसात के बाद रेल की पटरियां जमीन में धंस गई, जिससे कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया।

रेल प्रशासन को सुबह करीब 8 बजे जेल फाटक धौलपुर के पास किलोमीटर संख्या 1288/34 पर जल भराव से पटरी धंस जाने की सूचना मिली। सूचना पर रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान झांसी से दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को ग्वालियर से इटावा होकर डायवर्ट किया गया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक पटरियों का रिस्टोरेशन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जिसके बाद सुबह 10:55 पर कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। पैसेंजर और इंटरसिटी एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। रेलवे इंजीनियर मोहन मीणा ने बताया कि रविवार सुबह करीब 3 मीटर पटरी के जमीन में धंसने की सूचना मिलने के बाद ही युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया था। जिसके लिए ट्रैक के नीचे वुडन, स्टोन और मिट्टी को भरवा कर यातायात सुचारु कर दिया गया है।

सड़कें बनी दरिया, घरों में पानी घुसा: इधर शनिवार शाम से पूरी रात हुई बारिश से धौलपुर शहर की सड़कें दरिया बन गई। इसके अलावा निचले इलाकों और शहर की कई कॉलोनियों में भारी पानी भर गया। लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया, निकलने के लिए रास्ता नहीं बचा। धौलपुर शहर के नारायण विहार वार्ड नंबर 6 में स्थित कई मौहल्लों में 5-5 फीट पानी भर गया। वार्ड नंबर 9 की मानसरोवर कॉलोनी में नाले एवं बरसात का पानी घरों में घुस गया। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं शहर के हुण्डावाल रोड, उर्मिला विहार कॉलोनी, सहमति नगर आदि कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों को घरों में ही कैद रहना पड़ा। वहीं शहर के तलैया मोहल्ला, वार्ड 40 में बिजली गिरने से कई घरों में भारी नुकसान हुआ है। वार्ड 40 के करीब 10 घरों में आकाशीय बिजली गिरने से काफी नुकसान हुआ है। पार्षद अकील अहमद ने बताया कि कई घरों में आकाशीय बिजली गिरने से काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो धौलपुर जिले में बरसात होने की अभी भी संभावना है।

VISTRA ITCL

विस्तरा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालय का पताः आईएल एंड एफएस वित्तीय केंद्र, प्लॉट नंबर सी-22, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051.

अचल संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के पठित को एतद् द्वारा यहां आम तौर पर और विशेष रूप से बाध्य लोगों के लिए सार्वजनिक किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा आईटीसीएल उसके नियम (इंडिया) लिमिटेड (सुरक्षा ट्रस्टी) के अधिकृत अधिकारी सरफेसी अधिनियम (SARFAESI) की शर्तों नियमों के अन्तर्गत ले लिया गया है। 2002 और उसके नियम, बिक्री में उल्लिखित कुल राशि की वसूली के लिए 19 अक्टूबर 2023 (बिक्री की तिथि) को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। नोटिस 28 अगस्त, 2023 को रु. 1,08,43,85,418/- (रुपए एक सौ आठ करोड़ तैंतालीस लाख पिच्यासी हजार चार सौ अठारह मात्र) विलियमसन फाइनेंशियल सर्विसेज की ओर से सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है। जो श्री आदित्य खैतान वुडसाइड पार्क्स लिमिटेड, श्री अमृतांशु खैतान बाब्लॉक बोर्सिंग लिमिटेड, वेदिका संजीवनी प्रोजेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड, क्रिस्टोफर एक्टेट्स प्राईवेट लिमिटेड, बिश्नाथ इन्वेस्ट्मेन्ट्स लिमिटेड, अताश सप्लायर्स प्राईवेट लिमिटेड और सहल बिजनेस प्राईवेट लिमिटेड, अलोशा मार्केटिंग प्राईवेट लिमिटेड, श्री राजीव पसारी, मैकलियोड रसेल इंडिया लिमिटेड और विलियमसन मैगर एंड कंपनी लिमिटेड ("ऑब्लीगर्स")। आरक्षित मूल्य रु. 123,00,00,000/- (केवल एक सौ तेईस करोड़ रुपये) होगा और बयाना राशि आरक्षित मूल्य या बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित प्रारंभिक बोली का 10%, जो भी अधिक हो, जमा करानी होगी।

संपत्ति का विवरण

ग्राम शाहजहाँपुर और संसेडी, पुलिस स्टेशन शाहजहाँपुर, तहसील - बहरोड़, जिला अलवर, नीमराना, राजस्थान में स्थित लगभग 157.73 एकड़ भूमि के सभी टुकड़े और पार्सल निम्नानुसार हैं:

यहां स्थित है	खसरा नं.
यह संपत्ति लगभग 32 एकड़ की भूमि है जो कि शाहजहाँपुर गाँव (द्वितीय चरण), तहसील बहरोड़, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित है	खसरा नंबर 2 (0.09 एकड़), खसरा नंबर 7 से 26 (13.21 एकड़), खसरा नंबर 30 से 44 (11.34 एकड़), खसरा नंबर 54 से 55 (7.36 एकड़)
यह संपत्ति लगभग 91.81 एकड़ भूमि है जो कि शाहजहाँपुर गाँव (प्रथम चरण), तहसील बहरोड़, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित है।	खसरा नंबर 108 से 109 (1.73 एकड़), खसरा नंबर 149 से 150 (1.61 एकड़), खसरा नंबर 152 से 184, 202 से 210 (35.95 एकड़), खसरा नंबर 214 से 230 (8.17 एकड़)। खसरा नंबर 233 से 234 (0.82 एकड़), खसरा नंबर 237 से 258, 261 से 282, 286 से 299 (32.54 एकड़), खसरा नंबर 302 से 307, 310, 311 (5.15 एकड़), खसरा नंबर 333VK (1.41 एकड़), खसरा संख्या 337 से 338 (1.51 एकड़), खसरा संख्या 302/2546 (0.09 एकड़), खसरा संख्या 59/2523-1.26 एकड़, खसरा संख्या 90/2524-0.56 एकड़, खसरा संख्या 91/2525 - 0.74 एकड़ और खसरा नंबर 92/2526 -0.28 एकड़।
यह संपत्ति लगभग 33.93 एकड़ भूमि है जो संसेडी गांव (द्वितीय चरण), तहसील बहरोड़, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित है।	खसरा नंबर 932 से 934 (0.49 एकड़), खसरा नंबर 938 (0.06 एकड़), खसरा नंबर 940-0.21 एकड़, खसरा नंबर 942 -0.44 एकड़, खसरा नंबर 946 से 947-0.86 एकड़, खसरा नंबर 952 -0.40 एकड़, खसरा नंबर 963 से 965-0.96 एकड़, खसरा नंबर 967 से 976-5.17 एकड़, खसरा नंबर 978 से 982-1.14 एकड़, खसरा नंबर 984 से 985-0.33 एकड़, खसरा नंबर 988 से 994 - 1.49 एकड़, खसरा नंबर 996-0.03 एकड़, खसरा नंबर 998 से 1001-0.49 एकड़, खसरा नंबर 1011 से 1012-2.24 एकड़, खसरा नंबर 1014 से 1017 1.71 एकड़, खसरा नंबर 1019 0.19 एकड़, खसरा नंबर 1023 से 1026-1.37 एकड़, खसरा नंबर 1029 से 1034- 1.43 एकड़, खसरा नंबर 1037 से 1039-0.81 एकड़, खसरा नंबर 1041 से 1042-0.59 एकड़, खसरा नंबर 1045 से 1046- 0.55 एकड़, खसरा नंबर 1048 से 1070 -4.70 एकड़, खसरा नंबर 1072 से 1075-1.48 एकड़, खसरा नंबर 1077 से 1079-1.07 एकड़, खसरा नंबर 1081 से 1089-3.80 एकड़, खसरा नंबर 1091 से 1096-1.92 एकड़।

ऊपर उल्लिखित कुल भूमि में से, नीमराणा, जिला-अलवर, राजस्थान, भारत में स्थित 152.205 एकड़ भूमि को वेदिका संजीवनी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और क्रिस्टोफर एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर परिवर्तित कर दिया गया है, शीर्षक विलेख जहां विस्तरा आईटीसीएल को प्रस्तुत किया गया है। (इंडिया) लिमिटेड बंधक के निर्माण के लिए। संपत्ति दिल्ली-जयपुर राजमार्ग से सटी हुई है और दिल्ली से जयपुर जाते समय मुख्य शाहजहाँपुर टोल गेट से पहले है।

संपत्ति के मालिकः वेदिका संजीवनी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और क्रिस्टोफर एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड

विस्तरा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड (सुरक्षा ट्रस्टी) उपरोक्त संपत्ति की खरीद के लिए जनता से "जैसा है जहां है", जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर 10% बयाना राशि के साथ मुहरबंद प्रारंभिक बोलियां आमंत्रित करता है। विस्तरा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड के पक्ष में देय डी.डी./बैंकर्स चेक के रूप में - सी/ओ ट्रस्टी ए/सी के साथ अन्य केवाईसी दस्तावेजों को 18 अक्टूबर 2023 को शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी को संबोधित किया जाना चाहिए। विस्तरा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय का पताः 6वीं मंजिल, आईएल एंड एफएस फाइनेंशियल सेंटर, प्लॉट नंबर सी-22, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051. प्राधिकृत अधिकारी के पास स्वीकार/रद्द करने का अधिकार किसी भी/सभी बोलियों को बिना कोई कारण बताये अधिकार सुरक्षित, है। निरीक्षण की तिथि 10.10.2023 से 16.10.2023 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित की गई है, बशर्ते कि प्राधिकृत अधिकारी, सी. सुरेश मोबाइल नंबर 9810786343 से संपर्क करके पूर्व नियुक्ति की जाए। देर से/बिना बयाना राशि जमा किए/आरक्षित मूल्य से कम, अधूरी, किसी भी कारण से सशर्त प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार प्रारंभिक बोली सही पाए जाने पर, बोली लगाने वाले को ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। ई-नीलामी के समापन पर उच्चतम बोली लगाने वाले की घोषणा की जाएगी। उच्चतम बोली लगाने वाले को बिक्री मूल्य का 25% तुरंत जमा करना होगा, जिसमें पहले से जमा की गई ईएमडी की राशि को उसी दिन या अगले कार्य दिवस के भीतर समायोजित करना होगा और उसके बाद 15 दिनों के भीतर शेष 75% जमा करना होगा, ऐसा न करने पर क्रेता द्वारा पहले ही भुगतान/जमा की गई राशि सुरक्षा ट्रस्टी जब्त कर लेगा। भुगतान में चूक होने पर, संपत्ति दोबारा बेच दी जाएगी और चूककर्ता क्रेता के पास कोई भी दावा नहीं होगा।

संपत्ति के संबंध में सुरक्षित लेनदार को ज्ञात किसी भी बाधा/मुकदमेबाजी का विवरणः७. संपत्ति को अर्जित ब्याज और अन्य खर्चों/शुल्कों के साथ 249.5 करोड़ रुपये की मूल मूल राशि के लिए सुरक्षित डिबेंचर धारकों के पास भी गिरवी रखा गया है। द्वितीय. टाइटल सूट नंबर 06/2023 एलडी के समक्ष लंबित है। न्यायाधीश, वाणिज्यिक न्यायालय, अलीपुर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित है। ऊपर उल्लिखित दोनों वस्तुओं का विवरण, इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा दस्तावेजों के निरीक्षण के समय सुरक्षित लेनदार के पास उपलब्ध अनुसार सुरक्षित लेनदार से प्राप्त किया जा सकता है।

बिक्री सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि के अधीन है और बिक्री प्रमाणपत्र पूरी बिक्री मूल्य राशि और अन्य करों/प्रभारों, यदि कोई हो, के भुगतान के बाद, उसमें उल्लिखित शर्त के साथ केवल क्रेता के नाम पर जारी किया जाएगा। उपरोक्त संपत्ति पर कोई/सभी वैधानिक बकाया/दरें/कर/स्टांप शुल्क/पंजीकरण शुल्क/विविध व्यय/सरकारी बकाया/किसी प्राधिकरण का बकाया आदि, सफल पार्टी/क्रेता द्वारा विशेष रूप से और अलग से वहन किया जाना होगा। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऊपर उल्लिखित तिथि और समय पर बिक्री न होने की स्थिति में, सुरक्षित ऋणदाता निजी संधि द्वारा उपरोक्त संपत्तियों/परिसंपत्तियों पर बिक्री करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया विस्तरा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.https://www.vistraitcl.com या https://sarfaesi.auctiontiger.net पर दिए गए लिंक को देखें।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उधारकताओं / व्यक्तिगत गारंटर / कॉर्पोरेट गारंटर / मोर्टगेगर्स / ऑब्लिगर्स का ध्यान SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

तारीखः 8 सितंबर 2023
जगहः दिल्ली

सी.सुरेश, प्राधिकृत अधिकारी
विस्तरा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड

DNJ-297451

केबीसी में पहुंची हॉकी वाली सरपंच नीरू यादव

आज रात सोनी टीवी पर बिग-बी अमिताभ बच्चन के साथ आएंगी नजर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, उदयपुरवाटी। हॉकी वाली सरपंच के नाम से मशहूर नीरू यादव सोमवार रात नौ बजे कौन बनेगा करोड़पति में बिग-बी अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। केबीसी में पहुंचने वाली नीरु बुहाना पंचायत समिति के लांबी अहीर की सरपंच हैं। केबीसी के 15वें सीजन में शेखावाटी से हॉट शीट पर पहुंचने वाली वह पहली महिला हैं। केबीसी में पहुंचने वाली वह देश की पहली महिला सरपंच हैं। नीरू ने जीती गई राशि महिला सशक्तिकरण व बालिकाओं की पढ़ाई व खेल के लिए देने की घोषणा की। अब वे सोनी टीवी के चर्चित शो केबीसी में अमिताभ बच्चन के सामने हॉट शीट पर बैठे नजर आएंगी। गांव की लड़कियों, महिलाओं, पर्यावरण के लिए हमेशा नवाचार करने वाली सरपंच नीरु यादव ने केबीसी के दौरान महानायक अमिताभ बच्चन से खुलकर बातें की। नीरू ने बताया कि जब उन्हें पहली बार केबीसी से फोन आया तो विश्वास नहीं हुआ। उनको हॉकी वाली सरपंच के नाम से मिली प्रसिद्धि से केबीसी में सेलिब्रिटी के तौर पर जाने का मौका मिला और वे हॉट शीट तक पहुंच गई।

नीरू इस लिए कहलाती हैं हॉकी वाली सरपंच

आपको बता दें कि 2020 में नीरु यादव लांबी अहीर की सरपंच बनीं। इसके बाद उन्होंने अपने गांव की तस्वीर बदल डाली। उन्होंने लड़कियों के लिए हॉकी टीम तैयार की। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी सैलरी से बच्चियों के लिए एक कोच भी रखा।

उनका का काम सिर्फ यहीं खत्म नहीं हुआ। वह लडकियों के ट्रेनिंग का ख्याल भी रखती हैं। सुबह उन्हें उठाकर ग्राऊंड तक लाती हैं। इसके अलावा वह एक बर्तन बैंक का संचालन करती हैं, जिसकाकिराया नहीं लिया जाता हैं। इस पहल के पीछे उनकी सोच न केवल प्लास्टिक कचरे को कम करना है बल्कि गांव को कचरा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त बनाना है।